## महत्वपूर्ण एवं खास

### जलसा मैरीज गार्डन, ईडन गार्डन एवं बंशीवट में बना क्वारेंटाईन सेंटर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)को संक्रमण बीमारी घोषित किया गया है। उक्त संक्रमण बीमारी से भारत समेत पूरे विश्व के देश में खतरा उत्पन्न हो गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए पीड़ित व संदेही से संपर्क अथवा दूर रहने एवं इससे बचने के सभी प्रकार के संभावित उपायों को अमल में लाये जाने एवं संभाव्य प्रसार को देखते हुए संदिग्ध व्यक्ति एवं मरीजों के लिए रायगढ़ शहर के बोईरदादर स्थित जलसा मैरीज गार्डन, विजयपुर रोड स्थित ईडन गार्डन एवं पहाड़ मंदिर कौहाकुण्ड स्थित बंशीवट को क्वारेंटाईन सेंटर बनाया गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने क्वारेंटाईन सेंटर में समुचित व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु नायब तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती रूचिका अग्रवाल की ड्यूटी लगाई है।

### विदेश से लौटे 26 लोग अब भी गायब, पुलिस कर रही तलाश

**रायपुर (आरएनएस)।** एक मार्च से 22 मार्च तक विदेश से लौटे लोगों में रायपुर लौटने वाले 26 यात्री गायब है। गायब सभी 26 लोग राजधानी रायपुर के रहने वाले है। राजधानी पुलिस इनकी तलाश कर रही है। ज्ञात हो कि प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ते ही राज्य सरकार ने 1 मार्च से 22 मार्च तक विदेश से लौटने वालों की सूची जारी की थी जिन्हें शासन-प्रशासन से संपर्क कर जानकारी देने के निर्देश दिये गए थे। इसके बाद 996 लोगों के विदेश से राजधानी पहुंचने का पता चला था जिनमें से अब तक 970 लोगों की पतासाजी हो गई है वहीं 26 लोग अभी तक गायब है। गायब लोगों को पुलिस की टीम लगातार तलाश कर रही है। इस संबध में पता चला है कि प्रशासन को एयरपोर्ट तथा ट्रैवल कंपनी से भी विदेश से लौटने वालों की सही जानकारी नही मिली थी जिसके चलते सभी लोगों को तलाश करने में देरी हो रही है वहीं कुछ लोगों ने अपना नाम पता गलत बताया था जिस वजह से भी फरार लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। पुलिस अधिकारियों को कहना है कि गायब लोगों पर कानूनी तौर पर कार्रवाही की जाएगी।

### किराना सामानों के नीचे लाखों की महुआ छिपाकर ले जाते तीन मेटाडोर पकड़ाई

**मुंगेली (आरएनएस)।** लॉकडाउन के दौरान मेटाडोर में किराना सामानों के नीचे छिपाकर लाखों कीमत की महुआ छिपाकर ले जाते हुए तीन मेटाडोर को जब्त कर उसके चालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लॉकडाउन के दौरान पुलिस लगातार वाहनों की जांच कर रही है। इस जांच के दौरान तीन मेटाडोर को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो मेटाडोर में किराना सामानों के नीचे भारी मात्रा में महुआ बरामद किया गया। इन गाड़ियों से अनुमानित 48 क्विंटल महुआ जब्त की गई जिसकी कीमत 02 लाख 52 हजार रूपये आंका गया है। पुलिस ने इस मामले में तीनों मेटाडोर के चालकों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा छग रीजनल साइंस सोसायटी ने दिया 3 लाख 18 हजार रुपये का योगदान

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संकट से निपटने एवं जरुरतमंदो को आवश्यक सहायता पहुंच सके इसके लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सोसायटी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में 3 लाख 18 हजार 458 रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस योगदान के लिए सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### राज्य में एक लाख 88 हजार जरूरतमंदों को भोजन व राशन, एक लाख 97 हजार मास्क और सेनेटाईजर वितरित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर राज्य के सभी जिलों में गरीबों, अन्य स्थानों के श्रमिकों एवं निराश्रित लोगों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराए जाने का सिलसिला जारी है। कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन के चलते जरूरतमंदों की मदद के लिए राज्य भर में जगह-जगह राहत शिविर लगाए गए हैं। राज्य में शनिवार 11 अप्रैल को एक लाख 88 हजार 85 जरूरतमंदों, श्रमिकों एवं निराश्रितों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया।

# फूड बैंक के संचालन हेतु दानदाताओं के सहयोग के लिए कलेक्टर यशवंत कुमार ने जताया आभार

» 4718 परिवारों के 13123 सदस्यों तक पहुंचा सूखा राशन

» 2314 पैकेट पके भोजन का भी हो रहा है वितरण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** यह एक ऐसा समय है जो कई प्रकार की चुनौतियां लेकर आया है जिनसे एक साथ निपटने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। शासन के दिशा-निर्देशों के पालन के साथ ही लोगों की सुविधा का खयाल भी रखा जा रहा है। जरूरतमंदों के भोजन की व्यवस्था के लिए फूड बैंक बनाया गया है। जिसमे बड़ी संख्या में दानदाताओं से सहयोग मिल रहा है। इसके लिए उन सभी का बहुत बहुत आभार। उक्त बातें कलेक्टर यशवंत कुमार ने कही है। जिनकी पहल पर लॉक डाउन के दौरान रायगढ़ जिले में जरूरतमंद लोगों के भोजन की व्यवस्था के लिए फूड बैंक बनाया गया है। जिसमें दानदाताओं से प्राप्त राशन व खाद्य सामग्री का संग्रहण किया जा रहा है। राशन संग्रहण के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की सुविधा भी प्रारम्भ की गई है। जो दान के इच्छुक लोगों के घरों तक जाकर राशन एकत्रित कर रही है। चक्रधर बाल सदन को इस कार्य के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां एकत्रित खाद्य सामग्री के वितरण के लिए पैकेट तैयार किये जाते है। जरूरतमंदों की पहचान कर सूखे राशन का पैकेट बनाकर उन तक पहुंचाया जा रहा है। जिसमें प्रशासनिक अमले के साथ वार्ड पार्षद भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही शहर के बेसहारा व निराश्रित लोगों को पका भोजन भी दिया जा रहा है।



मिली जानकारी अनुसार अब तक 4718 परिवारों के 13123 सदस्यों तक सूखा राशन पहुंचाया गया है। साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं तथा दानदाताओं के सहयोग से अब तक चावल-31947.50 किलो ग्राम, दाल-3841.40 किलो ग्राम, आलू-13139 किलो ग्राम, प्याज-4689 किलो ग्राम, नमक-2054 किलो ग्राम तथा साबुन-4108 नग मिला है। साथ ही सुबह और शाम मिलाकर 2314 पके हुए खाने का पैकेट वितरित किया जा रहा है।



स्वयंसेवी संस्थाओं तथा दानदाताओं में आशुतोष कश्यप विनोबा नगर रायगढ़, सेठ किरोड़ीमल चैरिटी ट्रस्ट रायगढ़, रतन इंडस्ट्रीज राइस मिल, नेत्र चिकित्सालय, विनय बैस राजा पारा रायगढ़, रामदास द्रौपदी फाउण्डेशन, नंदलाल छाबरा कच्ची खोली सिंधी कालोनी रायगढ़, रवि कुमार छाबरा चक्रधर नगर रायगढ़, शेष नाथ पटेल बेलादुला रायगढ़, पारस स्वयंसेवी संस्था, सिद्धि विनायक राइस मिल सहदेवपाली, जेएसपीएल रायगढ़, एनटीपीसी तिलाईपाली, शेषनाथ पटेल बेलादुला रायगढ़, नरेश अग्रवाल सरिया, बंजारी राईस मिल रायगढ़, रायगढ़ जैन समाज, प्रदीप पटेल, डीबी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ इस्पात उद्योग संघ, स्पंज आयरन एसोसियेशन, ब्लड डोनर ग्रुप रायगढ़, उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति रायगढ़, बिशप हाऊस रायगढ़, नगर निगम ठेकेदार संघ, भोजराम पटेल, रवि अग्रवाल, आकर्ष शर्मा, इंद्रपाल सिंह भाठिया, आशुतोष कश्यप, बीएस स्पंज फैक्ट्री बंजारी, अमित चावल उद्योग रायगढ़, आरआर एनर्जी, चक्रधर पटेल, एमएसपी, गुरूद्वारा गुरू सिंह साहब रायगढ़, इंड सिनर्जी लिमिटेड, जीटी राइस मिल गुरमापाली, सावित्री राइस मिल, सूर्या राइस मिल, मुकेश गोयल महापल्ली, श्याम ट्रेडर्स धनागर, जगदीश राईस मिल, साधना शक्ति पीठ बोइरदादर, हरिओम राइस मिल, सिंघल इंटर प्राइजेस, रायगढ़ स्पंज आयरन मेन्युफ्रेक्चरिंग एसोसियेशन चैतन्य नगर रायगढ़, शेखर पटेल, अनिल गुप्ता, कोरोना सहायता संगठन गणेश अग्रवाल मुकेश गोयल, सत्यम बालाजी राइस मिल, मनोज राइस मिल रायगढ़, रिहैब फाउंडेशन रायगढ़, उन्नायक सेवा समिति रायगढ़, चक्रधर बाल सदन रायगढ़, तरनजीत राईस मिल गुरू मेहर रायगढ़, एसईसीएल रायगढ़, कालिंदी कुंज रेसेडेन्सी, चंद्रा पटेल, दीपिका राठौर, संतोष भानुका, संतोष कुमार यादव, एनटीपीसी लारा, रवि कुमार छाबड़ा, सिद्धि विनायक राइसमिल सहदेवपाली, उमा शंकर पटेल, बीएस स्पंज आयरन तराईमाल, सराफा एसोसियेशन, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड रायगढ़, प्रदीप पटेल अपेक्स बैंक पुसौर, शक्ति फूड, गोपी ट्रेडर्स, एलएन राइस मिल रायगढ़, हनुमान राइस मिल, सूरज राइस मिल, सौरभ राइस मिल, नलवा स्पंज आयरन तराईमाल रायगढ़, जयप्रकाश पटेल, ब्लड डोनर ग्रुप रायगढ़, संदीप शर्मा, रूचिता पटेल, छ. ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन, राकेश पटेल शामिल है।

## लॉक डाउन के दौरान आम नागरिकों के आवागमन में प्रतिबंध लगाये जाने हेतु अन्तर्राज्यीय एवं अंतर जिला बेरियर में अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)को संक्रामक बीमारी घोषित किया गया है। उक्त संक्रामक बीमारी से भारत समेत पूरे विश्व के देश में खतरा उत्पन्न हो गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण के संभाव्य प्रसार के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य शासन द्वारा समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने लोगों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लॉक डाउन की अवधि में आम नागरिकों के आवागमन में प्रतिबंध लगाये जाने हेतु अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला बेरियर में चेक पोस्ट निर्धारित कर उक्त चेक पोस्ट में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को आगामी आदेश पर्यन्त ड्यूटी लगाई है।

कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा जारी आदेश अनुसार विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम हाटी के बेरियर में नायब तहसीलदार उमेश्वर बाज, बाकारूमा में प्र.तहसीलदार सुश्री नीतू भगत, कुमरता में नायब तहसीलदार फागूलाल सिदार एवं उदउदा में नायब तहसीलदार हितेश कुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम कुडुमकेला एवं हमीरपुर में प्र.तहसीलदार तिरथ राम कश्यप, पूंजीपथरा में नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा पटेल ड्यूटी पर रहेंगे।

विकासखण्ड बरमकेला अंतर्गत कंचनपुर सरिया से भठली मार्ग तक एवं नवापारा में नवापारा से भठली मार्ग में प्र.तहसीलदार से राकेश वर्मा, बिरनीपाली से सोहेलामार्ग में नायब तहसीलदार कु.प्रेमा किस्पोट्टा ड्यूटी पर रहेंगे। विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत पलगढ़ा घाट सक्ती मार्ग एवं जोबी एडू पुल डोमनारा (कोरबा एवं धरमजयगढ़ मार्ग)में नायब तहसीलदार अर्पण कुमार कुर्रे, हालाहुली सक्ती एवं अड़भार मार्ग में तहसीलदार श्रीमती अवंति गुप्ता एवं छोटे मुड़पार डभरा मार्ग में नायब तहसीलदार विवेक कुमार पटेल की ड्यूटी लगाई गई है। विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत रेंगालपाली अंतर्राज्यीय में एवं कठली चंद्रपुर मार्ग में प्र.तहसीलदार सुश्री माया अंचल, एकताल अंतर्राज्यीय में नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज ड्यूटी पर रहेंगे। विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत जामगांव में नायब तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर, विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत टिमरलगा में तहसीलदार जगतराम सतरंज, परसदा बड़े में नायब तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का, टमटोरा में नायब तहसीलदार बंदेराम भगत, विकासखण्ड लैलूंगा अंतर्गत बगुडेगा, शिवपुर सरहद मुड़ागांव, जशपुर बार्डर (लुडेग सरहद बहामा), जमुना चौक एवं जमुना चौक (उड़ीसा सरहद जमुना)में में एसडीएम लैलूंगा अभिषेक कुमार गुप्ता, हाड़ीपानी बाजारडांड किलकिला, तोलमा चौक (उड़ीसा सरहद)तोलमा, सुरूगपानी बार्डर कुपाकानी एवं खेड़आमा चौक खेड़आमा में प्र.तहसीलदार अनुज पटेल ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

लॉकडाउन की अवधि में इस जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 लागू है ऐसी स्थिति में इस जिले से बाहर अन्य जिलो एवं राज्यों में एवं बाहर के जिलो एवं राज्यों से इस जिले में आवागमन करना प्रतिबंधित है। यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जारी किसी भी निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है संबंधित व्यक्ति पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## सभी धार्मिक स्थलों में आम व्यक्तियों के लिए पूजा, आराधना एवं दर्शन पर प्रतिबंध

» जिले के तबलिगी जमात के अनुयायियों के लिए भी जारी हुए है निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा पूर्व में जारी आदेश के तहत समस्त धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों पर रोक लगाई है। इसी तारतम्य में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी धार्मिक स्थलों में आम व्यक्तियों के लिए पूजा, आराधना एवं दर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है, केवल धार्मिक क्रिया या अनुष्ठान करने वाले धार्मिक गुरूओं को ही पूजा-अर्चना की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त आदेश का सभी धार्मिक संगठन कड़ाई से पालन करें।

आदेश में यह भी कहा गया है कि जिले में तबलिगी जमात के बहुत से अनुयायी है। जमात के लोगों का कई स्थलों पर संक्रमण अवधि में आना-जाना है। विगत दिनों में तबलिगी जमात के लोगों में कोरोना संक्रमण की दर बहुत अधिक पायी गयी है। अतः तबलिगी जमात के समस्त अनुयायियों को यह आदेश दिया जाता है कि 01 मार्च 2020 के पश्चात वे अपने निवास स्थल से छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ से बाहर कही पर भी प्रवास किये हो अथवा उनके निवास स्थल पर किसी दूसरे स्थल का निवासी, निवास कर रहा हो तो उसकी विस्तृत सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को तत्काल देना सुनिश्चित करें। यदि किसी के द्वारा सूचना छिपाई जाती है तो भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 (जिले के लोकसेवक द्वारा जारी विधान का उल्लंघन), 269 (किसी बीमारी को फैलाने के लिए गैर जिम्मेदाराना कृत्य), 270 (किसी जान लेवा बीमारी को फैलाने के लिए किया गया घातक या नुकसानदायक कृत्य)के तहत दण्ड के भागी होंगे।

## डायल 112 टीम रायगढ़ के प्रभारी की एडीजी ने की प्रशंसा

» भूखे श्रमिकों के लिए स्वयं फूड पैकेट की किये व्यवस्था

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** इन दिनों डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम व थानों, चौकी में भोजन, राशन आदि में मदद के लिए जरूरतमंदों के कॉल आ रहें हैं तथा थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा स्थानीय समाजसेवी संगठनों की मदद से यथासंभव मदद भी उन तक पहुंचाई जा रही है ।

इसी क्रम में आज दिनांक 11.04.2020 के सुबह करीब 11:40 बजे डायल 112 को पुलिस कंट्रोल रूम के पीछे पश्चिम बंगाल से आए 10-12 श्रमिक जो टावर लगाने का काम कर रहे हैं, उनके द्वारा कॉल कर बताया गया है अब तक अपने पास रखे राशन से भोजन की व्यवस्था हो गई किंतु पिछले 2 दिनों से भोजन ना मिलने से परेशानी हो रही है । डायल 112 में कॉल अटेंडर द्वारा प्रभारी डायल 112/कंट्रोल रूम प्रभारी उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा को बताया गया कि कंट्रोल रूम के पीछे काम कर रहे श्रमिकों का कॉल आया था 2 दिनों से भूखे हैं बता रहे हैं । तब प्रभारी कंट्रोल रूम उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा, वायरलेस सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र श्याम के साथ उनका हालचाल जानने वहां जा पहुंचे ।श्रमिकों ने बताया कि जो राशन साथ लाये थे, उसे खा रहे थे जो खत्म हो गया है । ठेकेदार भी यहां नहीं है और पैसे भी देकर नहीं गया है की राशन ले सके । उनकी बातें सुनकर कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा थाना प्रभारी चक्रधरनगर को कॉल कर व्यवस्था बनाने को बोले और श्रमिकों के 2 दिन से भूखे होने का पता चलने पर स्वयं थाना चक्रधरनगर जाकर अपने स्टाफ के साथ भोजन पैकेट लाकर उनमें वितरण किए तथा कुछ दिनों का ड्राई राशन की भी व्यवस्था कराये ।? डायल 112 को प्राप्त हुए इवेंट कॉल की जानकारी पुलिस मुख्यालय को होने पर डायल 112 प्रभारी व उनकी टीम की जरूरतमंदों के लिए दिखाई गई तत्परता पर उन्हें प्रशंसा पत्र दिया गया है।

यहां यह बताना आवश्यक है कि लॉक डाउन दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर कर्तव्य निर्वहन के साथ जरूरतमंदों की हर संभव मदद करने वाले पुलिस के जवानों का पुलिस महानिदेशक महोदय छत्तीसगढ़ द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है वहीं उनकी जानकारी में आने पर वे स्वयं वीडियो कॉलिंग कर ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। वहीं इस इवेंट की जानकारी मिलने पर पुलिस मुख्यालय द्वारा रायगढ़ जिले के राइनो टीम प्रभारी के कार्यों की सराहना की गई है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा चांदनी चौक एवं छातामुड़ा क्षेत्र में किया जा रहा कंटेंटमेंट सर्वे

» दोनों क्षेत्रों के लगभग 3-3 हजार घरों में हो रहा है सर्वे का कार्य

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन में कोरोना वायरस (कोविड-19)के रोकथाम एवं बचाव हेतु रायगढ़ जिले में जमात से संबंधित लोगों एवं कटघोरा से जुड़े व्यक्तियों का कंटेंटमेंट सर्वे कार्य हेतु स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, मितानिनों की संयुक्त टीम गठित कर सर्वे कार्य पूर्ण किया जा रहा है। जिस हेतु दिल्ली से 9 जमाती रायगढ़ में आने की सूचना एवं जानकारी राज्य स्तर से प्राप्त हुई। जिसमें 04 व्यक्ति रायगढ़ शहरी क्षेत्र के निवासी पाये गये एवं अन्य 5 व्यक्ति अन्य जिले के निवासी पाये गये। 4 व्यक्तियों में से 3 व्यक्ति चांदनी चौक एवं एक व्यक्ति छातामुड़ा चौक क्षेत्र में निवासरत है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दोनों क्षेत्रों के एक किलोमीटर के परिधि क्षेत्रों में लगभग 3-3 हजार घरों का सर्वे कार्य कराया गया है। जिसमें प्रथम दिवस 10 अप्रैल को दोनों क्षेत्रों में 10-10 टीम सर्वे कार्य कर 500-500 घरों का सर्वे कराया गया। जिसमें 13 लोगों को सामान्य सर्दी, खांसी एवं एक व्यक्ति को सामान्य बुखार होना पाया गया। द्वितीय दिवस 11 अप्रैल को टीम संख्या बढ़ाकर प्रत्येक क्षेत्र में 30-30 टीम को सर्वे कार्य में लगाया गया। प्रत्येक टीम को 100 घरों का सर्वे कार्य हेतु लक्ष्य दिया गया। जिसमें चांदनी चौक क्षेत्र में 1765 एवं छातामुड़ा क्षेत्र में 1091 कुल 2856 घरों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें कुल 30 लोगों को सामान्य सर्दी, खांसी एवं 2 व्यक्तियों को सामान्य बुखार के लक्षण पाये गये। दोनों दिवसों के सर्वे में पाये गये सर्दी, बुखार, खांसी से पीड़ित व्यक्तियों का इलाज कर स्वास्थ्य विभाग नियमित मॉनिटरिंग कर रही है।

ज्ञात हो कि सिटी कोतवाली से प्राप्त सूचना के आधार पर रियापारा क्षेत्र में एक ही परिवार के 3 सदस्य 1 अप्रैल 2020 को कोरबा से रायगढ़ रियापारा क्षेत्र में आये है। जिनको स्वास्थ्य विभाग द्वारा होम क्वारेंटाईन में लेकर प्रतिदिवस फॉलोअप लिया जा रहा है एवं 9 अप्रैल 2020 को वार्ड नं.38 तेन्दूडीपा रायगढ़ में प्रातः 8.30 एक व्यक्ति की आने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के टीम की निगरानी में बंशीवट में क्वारेंटाईन किया गया है। जिनमें अब तक कोरोना संबंधी लक्षण नहीं पाये गये है।

## बाईक से गिरकर 2 युवक घायल

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नागलगुण्डा के पास दो बाइक सवार पुनेम गंगा और मड़कम गंगा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लॉकडाउन के दौरान किसी काम के लिए निकले बाईक के अनियंत्रित हो जाने से बाइक चालक पुनेम गंगा को गम्भीर चोट पंहुची है, वहीं दूसरा मड़कम गंगा भी घायल है। दोनो घायलों को दोरनापाल थाना प्रभारी जांगड़े के द्वारा दोरनापाल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा में दिनांक 10.04.2020 को 20 वर्षीय युवती द्वारा जिला जांजगीर चांपा थाना डबरा निवासी शमशेर सिंह पिता हरिसिंह सिदार उम्र लगभग 24 वर्ष के द्वारा प्रेम संबंध बाद शारीरिक संबंध रखने एवं शादी से इंकार किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है ।

पीड़िता बताई की दिसंबर 2019 में मोबाइल पर शमशेर सिंह से जान परिचय हुआ, शमशेर सिंह एचडीएफसी बैंक खरसिया में काम करता था और युवती के गांव लोन रिकवरी करने के संबंध में आया था जिससे दिसंबर 2019 में पहली बार मुलाकात हुई थी । 01 जनवरी 20:20 को शमशेर सिंह युवती को राबो डेम घुमाने ले गया जहां जंगल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया । उसके बाद युवती को शादी करूंगा कहकर अपने किराए मकान खरसियां तथा युवती के गांव में चोरी-छिपे आकर संबंध बनाता और उसे भरोसा दिलाया कि 3 अप्रैल को रायपुर के होटल में दोनों शादी करेंगे और युवती को बोला कि घर से निकाल कर अपनी सहेली के घर रहो । उसके झांसे में आकर युवती अपने घर में बिना बताए सहेली के घर में जाकर रह रही थी परंतु शमशेर सिंह उसे लेने नहीं आया और ना ही उसके फोन का कोई जवाब देता था तब युवती शमशेर सिंह के घर डबरा गई तो शमशेर सिंह उसे दोबारा आने पर घर परिवार समेत मार देने की धमकी दिया । युवती के रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 59/2020 धारा 376, 506 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480